# कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश

## प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के 05 स्नातक निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ एवं इलाहाबाद–झांसी तथा 06 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र यथा लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली–मुरादाबाद एवं गोरखपुर–फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल दिनांक 06.12.2026 को समाप्त होने के कारण अर्हता दिनांक–01.11.2025 के आधार पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का De-Novo पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

2– पुनरीक्षण की कार्यवाही दिनांक 30 सितम्बर, 2025 से प्रारम्भ होगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पुनरीक्षण हेतु निम्नलिखित कार्यक्रम नियत किया गया है:–

| क0सं0 | गतिविधियां | अवधि / दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31(3) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाना | 30.09.2025(मंगलवार) |
| 2 | निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31(4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन | 15.10.2025(बुधवार) |
| 3 | निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31(4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन | 25.10.2025(शनिवार) |
| 4 | फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी स्थिति हो | 06.11.2025(गुरूवार) |
| 5 | वह तिथि जिस तक पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना है | 20.11.2025(गुरूवार) |
| 6 | निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन | 25.11.2025(मंगलवार) |
| 7 | दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) | 25.11.2025(मंगलवार) से 10.12.2025(बुधवार) |
| 8 | वह तिथि जिस तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेगी | 25.12.2025(गुरूवार) |
| 9 | निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन | 30.12.2025(मंगलवार) |

3– स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों का विस्तार निम्नवत् है :–

| क0सं0 | निर्वाचन क्षेत्र | निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार |
|---|---|---|
| 1 | लखनऊ स्नातक | लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद |
| 2 | वाराणसी स्नातक | बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चन्दौली, भदोही, मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद |
| 3 | आगरा स्नातक | आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रुखाबाद एवं कासगंज जनपद |
| 4 | मेरठ स्नातक | बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद |
| 5 | इलाहाबाद–झांसी स्नातक | प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी एवं ललितपुर जनपद |

4– शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों का विस्तार निम्नवत् है :–

| क0सं0 | निर्वाचन क्षेत्र | निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार |
|---|---|---|
| 1 | लखनऊ शिक्षक | लखनऊ, हरदोई, खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली एवं प्रतापगढ़ जनपद |
| 2 | वाराणसी शिक्षक | बलिया, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, चन्दौली, भदोही, मिर्जापुर एवं सोनभद्र जनपद |
| 3 | आगरा शिक्षक | आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, मैनपुरी, इटावा, कन्नौज, औरैया, फर्रूखाबाद एवं कासगंज जनपद |
| 4 | मेरठ शिक्षक | बुलन्दशहर, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली एवं हापुड़ जनपद |
| 5 | बरेली–मुरादाबाद शिक्षक | बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, बिजनौर एवं सम्भल जनपद |
| 6 | गोरखपुर–फैजाबाद शिक्षक | बहराइच, श्रावस्ती, गोण्डा, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संत कबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़, मऊ, सुल्तानपुर, अयोध्या, अमेठी एवं अम्बेडकरनगर जनपद |

5– स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवेदक को अर्हता तिथि 01.11.2025 से कम से कम 03 वर्ष पूर्व या तो भारत के किसी विश्वविद्यालय से स्नातक होना चाहिए या ऐसी अर्हता धारित करता है जो भारत में किसी विश्वविद्यालय के स्नातक के समतुल्य हो।

6– शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने हेतु आवेदक को अर्हता तिथि 01.11.2025 से तत्काल पहले राज्य के ऐसे शैक्षणिक संस्थानों में जिसका स्तर माध्यमिक विद्यालय से कम न हो, में विगत 06 वर्षों के भीतर शिक्षण कार्य में न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि से कार्यरत हो।

7– लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं इलाहाबाद–झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्रमशः मण्डलायुक्त, लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी एवं झांसी तथा लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, बरेली–मुरादाबाद एवं गोरखपुर–फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क्रमशः मण्डलायुक्त, लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, बरेली एवं गोरखपुर हैं।

8– किसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, उस निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हैं। इसके अतिरिक्त किसी स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले समस्त विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उस स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होते हैं।

अन्य किसी जानकारी के लिये संबंधित मण्डलायुक्त कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

**लखनऊ:**
**दिनांक: 12.09.2025**

**नवदीप रिणवा**
**मुख्य निर्वाचन अधिकारी।**

**संख्या–540 (1)/सीईओ–2 तद्दिनांक–**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश को प्रेस नोट की 25 अतिरिक्त प्रतियों सहित इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया प्रेस नोट का विवरण प्रदेश के सभी दैनिक समाचार पत्रों में तत्काल प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2– निदेशक, आकाशवाणी केन्द्र, लखनऊ को आकाशवाणी से प्रसारणार्थ।
3– निदेशक, दूरदर्शन केन्द्र, लखनऊ को दूरदर्शन से प्रसारणार्थ
4– समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल, उत्तर प्रदेश।

12/9/25

**(चन्द्रशेखर)**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी।**

भारत निर्वाचन आयोग
**Election Commission of India**

निर्वाचन सदन
**NIRVACHAN SADAN**
अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
**ASHOKA ROAD, NEW DELHI-110001**

No.322/LC/G&T/E-ROLL/2026-BIEN Dated: 12th September, 2025

To,

1. Chief Electoral Officer,
   Bihar, Patna.
2. Chief Electoral Officer,
   Karnataka, Bengaluru.
3. Chief Electoral Officer,
   Maharashtra, Mumbai.
4. Chief Electoral Officer,
   Uttar Pradesh, Lucknow.

**Subject:** Schedule for de-novo preparation of electoral rolls with reference to 01.11.2025 as qualifying date in respect of certain **Regular Vacancies** in Graduates' and Teacher' constituencies of State Legislative Councils of Bihar, Karnataka, Maharashtra and Uttar Pradesh –regarding.

Sir,

I am directed to state that certain regular vacancies in the State Legislative Councils of Bihar, Karnataka, Maharashtra and Uttar Pradesh are due in year 2026, which are required to be filled by conducting biennial elections, the details of which are as under:

| **Bihar** | | | |
|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Name of Member (Sh./Smt./Ms.)** | **Name of Constituency** | **Date of Retirement** |
| 1. | Neeraj Kumar | Patna Graduates' | 16.11.2026 |
| 2. | Sarvesh Kumar | Darbhanga Graduates' | |
| 3. | Banshi Dhar Brajwasi | Tirhut Graduates' | |
| 4. | Dr. N.K. Yadav | Kosi Graduates' | |
| 5. | Naval Kishore Yadav | Patna Teachers' | |
| 6. | Dr. Madan Mohan Jha | Darbhanga Teachers' | |
| 7. | Sanjay Kumar Singh | Tirhut Teachers' | |
| 8. | Afaque Ahamad | Saran Teachers' | |
| **Karnataka** | | | |
| 1. | Chidanand M Gowda (Presidency) | Karnataka South-East Graduates' | 11.11.2026 |
| 2. | Sankanur S V | Karnataka West Graduates' | |
| 3. | Shashil G. Namoshi | Karnataka North-East Teachers' | |
| 4. | Puttanna | Bangalore Teachers' | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Maharasthra** | | | |
| 1. | Chavan Satish Bhanudasrao | Aurangabad Division Graduates' | 06.12.2026 |
| 2. | Arun Ganpati Lad | Pune Division Graduates' | |
| 3. | Abhijit Govindrao Wanjarri | Nagpur Division Graduates' | |
| 4. | Sarnaik Kiran Ramrao | Amravati Division Teachers' | |
| 5. | Jayant Dinkar Aasgavkar | Pune Division Teachers' | |
| **Uttar Pradesh** | | | |
| 1. | Er. Awanish Kumar Singh | Lucknow Division Graduates' | 06.12.2026 |
| 2. | Ashutosh Sinha | Varanasi Division Graduates' | |
| 3. | Dr. Manvendra Pratap Singh 'Guru Ji' | Agra Division Graduates' | |
| 4. | Dinesh Kumar Goel | Meerut Division Graduates' | |
| 5. | Man Singh Yadav | Allahabad-Jhansi Division Graduates' | |
| 6. | Umesh Dwivedi | Lucknow Division Teachers' | |
| 7. | Lal Biharee Yadaw | Varanasi Division Teachers' | |
| 8. | Dr. Aakash Agrawal (Vittavihin wale) | Agra Division Teachers' | |
| 9. | Shrichand Sharma | Meerut Division Teachers' | |
| 10. | Dr. Hari Singh Dhillo | Bareilly-Moradabad Division Teachers' | |
| 11. | Dhruv Kumar Tripathi | Gorakhpur-Faizabad Division Teachers' | |

2. The Commission has ordered de-novo preparation of electoral rolls of the above said Constituencies with reference to 01.11.2025 as qualifying date, so as to have a fresh electoral roll, as per the following schedule: -

| S.No. | Activities | Period/Date |
|---|---|---|
| 1. | Issue of public notice under Rule 31(3) of the Registration of Electors Rules, 1960 | 30.09.2025 (Tuesday) |
| 2. | First re-publication of notice in Newspapers under Rule 31(4) of the Registration of Electors Rules, 1960 | 15.10.2025 (Wednesday) |
| 3. | Second re-publication of notice in Newspapers under Rule 31(4) of the Registration of Electors Rules, 1960 | 25.10.2025 (Saturday) |
| 4. | Last date of receipt of applications in Form 18 or 19, as the case may be. | 06.11.2025 (Thursday) |
| 5. | Date by which preparation of manuscripts and printing of draft electoral rolls be done | 20.11.2025 (Thursday) |
| 6. | Draft Publication of Electoral Rolls | 25.11.2025 (Tuesday) |
| 7. | Period for filing of claims and objections [under Rule 12 of the RER, 1960] | 25.11.2025 (Tuesday) to 10.12.2025 (Wednesday) |
| 8. | Date by which the claims and objections shall be disposed of and supplements be prepared and printed | 25.12.2025 (Thursday) |
| 9. | Final Publication of Electoral Rolls | 30.12.2025 (Tuesday) |

3. Accordingly, the electoral rolls of the above-mentioned Graduates' and Teachers' Constituencies shall be prepared afresh with reference to 01.11.2025 as qualifying date in

accordance with the prescribed schedule and after following due procedure and guidelines as contained in the Commission's comprehensive instructions vide letter No. 37/LC/INST/ECI/FUNC/ERD/ER/2016, dated 5th September 2016.

3.1. Form-18 and 19 in respect of Graduates' and Teachers' constituencies have slightly been modified vide notification dated 17th June, 2022 by M/o Law and Justice, Govt of India and the same has been effective from 1st August 2022. It is made clear that submission of Aadhaar number in the field provided in the Form-18 and 19 by the applicant is on voluntary basis, and the applicant shall neither be insisted to provide the same nor his/her non-submission of the same be ground of rejection of his/her application.

3.2 While handling Aadhaar number of the applicants, the provision under Section 37 of the Aadhaar (Targeted Delivery of Financial and other Subsidies, Benefits and Services) Act, 2016 must be adhered to. In no circumstances it should go in public. If the electors' information is required to put for public display, the Aadhaar details must be removed or masked.

3.3 As for preservation of Form-18 and 19 in hard copy containing Aadhaar number, the provisions of Regulation 14(1) (mb) of Aadhaar (Authentication and Offline Verification) Regulations, 2021 (No. 1 of 2021) shall be strictly followed which says that Aadhaar numbers collected through physical forms or photocopies of Aadhaar letters shall be masked by the requested entity by redacting the first 8 digits of the Aadhaar number before storing the physical copies. Such collected Forms along with attachment, after digitization, shall be kept in safe custody with double lock by EROs. Severe disciplinary action will be initiated against EROs for any leakages of physical Forms in public domain.

4. All concerned officers/officials should be informed accordingly and directed to comply the Commission's instructions scrupulously.

5. Wide publicity shall be given to the schedule and political parties should be informed in writing.

6. Kindly acknowledge the receipt.

Yours faithfully,

**(RAJESH KUMAR SINGH)**
**UNDER SECRETARY**